बिजली-पानी समस्या के समाधान को दे प्राथमिकता : विधायक विनोद

अम्बाला/ कैलाश शर्मा

पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं अम्बाला शहर के विधायक विनोद शर्मा ने आज मॉडल टाउन अम्बाला शहर स्थित अपने निवास स्थान पर अम्बाला विधानसभा क्षेत्र की जनता की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को यह निर्देश भी दिए कि वे जनता की बिजली और पानी से सम्बन्धित समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें। पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि अम्बाला शहर की पेयजल की समस्या के स्थाई समाधान के लिए 111 करोड़ रूपए की लागत से नहरी पेयजल योजना पर कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही यह परियोजना पूरी कर ली जाएगी और यह कार्य पूरा होने के उपरांत आगामी 30 वर्षों तक जनता को 24 घंटे पर्याप्त जल आपूर्ति उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि सतलुज-यमुना लिंक नहर से अम्बाला शहर को नहरी पानी लाने के लिए पाईप लाईन बिछाने का कार्य अंतिम चरण में है और इस पानी के भंडारण के लिए पहले से उपलब्ध तीन वाटर टैंकों के अतिरिक्त दो अन्य टैंक बनाए जाएंगे। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि वे आपसी मन-मुटाव भुलाकर अपने क्षेत्र के विकास के लिए मिलजुल कर प्रयास करें और सरकार द्वारा विकास कार्यों के लिए पैसे की कमी नही आने दी जाएगी। इस अवसर पर कांग्रेस नेता अरूण गर्ग, परमिन्द्र बबला, करनैल बाई, राजन गुगलानी, जसमीत सिंह टोनी, ब्लॉक अध्यक्ष अजैब सिंह, पंच राम, मदन मोहन घेल, कांग्रेस नेता अवतार सिंह, बलबीर सौंडा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और स्थानीय महिला, पुरूष मौजूद थे। आज के दौरे में पं. विनोद शर्मा का लोगों ने स्वागत किया। इस मौके पर जो लड़के हॉल में नौकरी लगे थे, लोगों में मिठाई बांटी, जो देखने में आया है श्री विनोद शर्मा विधायक लोगों के निजी कामों में भी पूरा सहयोग दे रहे हैं। आज बीड़ी, सिगरेट वाले विधायक से मिले और उन्होंने कहा कि तम्बाकू के बंद करने से वह सड़क पर आ जाएंगे।

स्थानीय विधायक विनोद शर्मा अपने निवास स्थान पर लोगों की समस्याएं सुनते हुए

कैंप दौरान धक्कामुक्की होते लोगों को शांत करती शक्ति रानी।

मेगा निशुल्क मैडिकल कैम्प में 525 हृदय रोगियों की जांच

अम्बाला/ कैलाश शर्मा

अम्बाला हैल्थकेयर एंड वेल्फेयर सोसायटी द्वारा अम्बाला क्लब अम्बाला शहर में लगाए गए मेगा निशुल्क मैडिकल कैम्प में फोर्टीज अस्पताल मोहली के हृदय रोग विशेषज्ञ डा0 जी.एस. कालड़ा व उनकी टीम ने 525 हृदय रोगियों की जांच की। शिविर में कुल 1260 रोगियों का चैकअप किया गया और उन्हें मुफ्त दवाईयां भी दी गई। नेत्र रोग विशेषज्ञ डा0 पी.सी. शर्मा की टीम द्वारा 500 नेत्र रोगियों की जांच की गई, जिनमें से 48 मोतियाबिंद से पीड़ित लोगों के उनके अस्पताल में मुफ्त ऑप्रेशन किए जाएंगे। दंत रोग विशेषज्ञ डा0 सन्नी सिंह आहलूवालिया की टीम द्वारा अपनी मोबाईल डैंटल वैन में 160 रोगियों का चैकअप एवं उपचार किया गया। इसी प्रकार चिल्ड्रन अस्पताल पंचकूला के डॉक्टर राजेन्द्र सेठी व डा0 संदीप द्वारा 23 बच्चों का चैकअप किया गया जबकि इसी अस्पताल की महिला रोग विशेषज्ञ डा0 चेतना ने 36 महिलाओं का चैकअप किया। ईएनटी विशेषज्ञ डा0 रिषी गौतम अग्रवाल द्वारा 57 रोगियों का चैकअप किया गया। फोर्टीज अस्पताल के ही डा0 असीम राजपाल तथा डा0 अनिक ने डा0 कालड़ा से पूर्व सभी हृदय रोगियों का चैकअप करके उनकी बीमारी का ब्यौरा लिया। डा0 विवेकशील मल्होत्रा व डा0 रितेश द्वारा भी 50 से अधिक क्षय व अन्य रोगियों की जांच की गई। शिविर में 478 लोगों की शूगर की जांच की गई तथा 152 लोगों की ईसीजी व 142 लोगों की इको टैस्ट भी किया गया।

CMK

उत्तम हिन्दू